# Maharshi Dayanand University Rohtak's Post

September 26 at 5:29 PM ·

एमडीयू में ऑनलाइन लीव मैनेजमेंट सिस्टम पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ने आज एफडीसी सेमिनार हॉल में ऑनलाइन लीव मैनेजमेंट सिस्टम पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को विश्वविद्यालय में लागू होने वाली नई प्रणाली से अवगत कराना और उन्हें इसे प्रभावी ढंग से उपयोग करने में सक्षम बनाना था।

कार्यक्रम का समन्वयन एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज कोऑर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने किया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से कर्मचारियों को अवकाश प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना है। यह प्रणाली पारदर्शी, त्वरित और सुविधाजनक होगी, जिससे विभागाध्यक्ष और शाखा अधिकारी भी आसानी से आवेदन को स्वीकृत और प्रबंधित कर सकेंगे।

कंप्यूटर सेंटर के निदेशक डॉ. जी.पी. सरोहा और टेक्निकल असिस्टेंट विकास नागिल ने बतौर रिसोर्स पर्सन कर्मचारियों को ऑनलाइन लीव सिस्टम के कार्यप्रवाह, आवेदन प्रक्रिया, स्वीकृति प्रणाली और रिपोर्टिंग सुविधाओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। डॉ. सरोहा ने कहा कि डिजिटल अवकाश प्रबंधन कर्मचारियों के समय की बचत के साथ-साथ प्रशासन को भी कुशल बनाएगा। यह कदम एमडीयू में आधुनिक और स्मार्ट प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

सहायक कोऑर्डिनेटर नितिन सिवाच ने कार्यक्रम की शुरुआत में प्रशिक्षण के महत्व और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली से न केवल अवकाश प्रबंधन में पारदर्शिता आएगी, बल्कि रिकॉर्डिंग और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया भी त्वरित और सुव्यवस्थित होगी। कार्यक्रम में शिक्षकों और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई, अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया और डिजिटल प्रणाली के उपयोग पर गहरी समझ हासिल की।

O-312-10,000

# MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

## Public Relations Office

Name of the Publication ........ रोहतक जागरण (दैनिक जागरण)

Date 27/9/25 ........ Page III ........ Column 6

Subject ........ एमडीयू में आनलाइन लीव मैनेजमेंट सिस्टम पर -

# एमडीयू में आनलाइन लीव मैनेजमेंट सिस्टम पर दिया प्रशिक्षण

जासं • रोहतक : महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज ने एफडीसी सेमिनार हाल में आनलाइन लीव मैनेजमेंट सिस्टम पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को विश्वविद्यालय में लागू होने वाली नई प्रणाली से अवगत कराना और उन्हें इसे प्रभावी ढंग से उपयोग करने में सक्षम बनाना था। कार्यक्रम का समन्वयन एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज कोआर्डिनेटर डा. अनार सिंह ढुल ने किया।

# MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

## Public Relations Office

Name of the Publication: रोहतक भास्कर (दैनिक भास्कर)

Date: 27/9/25 Page: 4 Column: 7-8

Subject: ऑनलाइन लीव मैनेजमेंट सिस्टम पर दिया प्रशिक्षण

### ऑनलाइन लीव मैनेजमेंट सिस्टम पर दिया प्रशिक्षण




रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ने आज एकेडमिक सेमिनार हॉल में ऑनलाइन लीव मैनेजमेंट सिस्टम पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का समन्वयन एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज कोऑर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह दुल ने किया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से कर्मचारियों को अवकाश प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना है। यह प्रणाली पारदर्शी, त्वरित और सुविधाजनक होगी, जिससे विभागाध्यक्ष और शाखा अधिकारी भी आसानी से आवेदन को स्वीकृत और प्रबंधित कर सकेंगे। कंप्यूटर सेंटर के निदेशक डॉ. जोगी सरोहा और टेक्निकल असिस्टेंट विकास नागिल ने बतौर रिसोर्स पर्सन कर्मचारियों को ऑनलाइन लीव सिस्टम के कार्यप्रवाह, आवेदन प्रक्रिया, स्वीकृति प्रणाली और रिपोर्टिंग सुविधाओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इस प्रणाली से न केवल अवकाश प्रबंधन में पारदर्शिता आएगी।




Uni-HR
Campus Excellence with
Premium Digital Tools
Enhance your university experience with our advanced HR management
suite, tailored specifically for the needs of modern academic institutions.
Smart Profile Management
Leave Management
Digital Document Vault
Sign In
Login






Uni-HR
Campus Excellence with Premium Digital Tools
Enhance your university experience with our advanced HR management suite, tailored specifically for the needs of modern academic institutions.
Smart Profile Management
Leave Management
Digital Document Vault
Sign In
Access your Uni-HR dashboard
Email/PAN/Employee ID
Password
Login
Sign in with Google


Campus Excellence with
Premium Digital Tools
Enhance your university experience with our advanced HR management suite, tailored specifically for the needs of modern academic institutions.
Smart Profile Management
Control and manage your professional profile with ease
Leave Management
Track and request time off with comprehensive system
Salary & Financial Records
Digital Document Vault
Store and access all important documents
Sign In
Access your Uni-HR dashboard
Email/PAN/Employee ID
2886
Password
Keep me signed in
Forgot Password
Login
Or continue with
Sign in with Google







